शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




गुरुवार 11 जून 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 11 ● अंक : 41 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### कॉकरोच जनता पार्टी कल पुणे में प्रदर्शन करेगी

**नईदिल्ली।** नई दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा है कि अगर मंत्री पद नहीं छोड़ते हैं, तो 20 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू किया जाएगा। पार्टी का कहना है कि यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक जवाबदेही तय नहीं होती। सीजेपी ने बुधवार को जारी बयान में देश के अलग-अलग शहरों में विरोध प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया। इसकी शुरुआत 11 जून को पुणे से होगी। इसके बाद लखनऊ, अमृतसर, बेंगलुरु, जयपुर और हैदराबाद में भी प्रदर्शन किए जाएंगे।

### गोवा में केरल के 28 टूरिस्ट बीमार पड़

**गोवा।** गोवा घूमने आए केरल के 28 टूरिस्ट मंगलवार रात को बीमार हो गए। बताया जा रहा है कि एक रेस्टोरेंट में भोजन करने के बाद सभी को फ़ूड पॉइज़निंग हो गई। ये सभी गोवा में छुट्टियां मनाने आए एक ग्रुप का हिस्सा थे। साउथ गोवा जिला अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजेंद्र बोरकर ने पत्रकारों को बताया कि स्थानीय अस्पताल में सभी का इलाज किया गया।

### महाराष्ट्र के बीड में श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, दो की मौत

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बुधवार को गोदावरी नदी में श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक नाव पलट गई। घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10 :30 बजे गोलेगांव क्षेत्र में हुआ। नाव पुरुषोत्तमपुरी स्थित भगवान पुरुषोत्तम मंदिर की ओर जा रही थी।

### बंगाल के साउथ 24 परगना में जिला परिषद भवन में आग लगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में बुधवार को जिला परिषद भवन में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम जारी है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह 9.50 बजे लगी।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# पीएम मोदी को सीएम शुभेंदु अधिकारी ने झालमुड़ी खिलाई

## मोदी ने 4399 दिन प्रधानमंत्री रहकर नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा; दिल्ली में एनडीए ने सम्मान किया

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**पीएम** नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के आज 4,399 दिन पूरे हो गए। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी। अभी उनका यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है। उन्होंने 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पीएम मोदी की उपलब्धि और एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भारत मंडपम में एनडीए बैठक हुई।

इसमें भाजपा-एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के झ्रू डिप्टी झ्रू और अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने पीएम मोदी को बधाई दी। बैठक के बाद मोदी और भाजपा-एनडीए नेताओं ने झालमुड़ी खाई। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम को अपने हाथ से झालमुड़ी परोस कर दी। अप्रैल 2026 में बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान पीएम ने झाड़ग्राम में झालमुड़ी खाई थी। दुकान वाले से उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था।

एनडीए बैठक से पहले पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। कैबिनेट ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पीएम मोदी को बधाई दी। मंत्रियों ने उनकी उपलब्धि पर खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया।

### मोदी देश के सबसे ज्यादा कार्यकाल वाले इलेक्टेड पीएम



दरअसल, 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वे 15 अगस्त 1947 से 13 मई 1952 तक कुल 1732 दिन पीएम रहे। इसके बाद 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ। कांग्रेस सत्ता में आई। संसदीय दल ने नेहरू को अपना नेता चुना। इसके बाद नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित पीएम रहे।
इस कार्यकाल 4398 वें दिन का रहा था। इस तरह निर्वाचित पीएम के तौर पर मोदी नेहरू से आगे निकल गए हैं।

### इजराइल, इथियोपिया समेत कई देशों के नेताओं ने पीएम को बधाई दी

इजराइल, इथियोपिया और दक्षिण कोरिया समेत कई देशों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल की अनूठी दोस्ती हर साल और मजबूत हो रही है। मोदी के नेतृत्व में दोनों देशों की साझेदारी को और गहरा करने की उम्मीद है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय जनता के मोदी के नेतृत्व पर भरोसे को दर्शाती है। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, तेज आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनने जैसे क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं।

### पीएम के सम्मान में नितिन नबीन एनडीए बैठक में प्रस्ताव पेश करेंगे

न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनडीए की बैठक में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन पीएम मोदी के सम्मान में एक विशेष प्रस्ताव पेश करेंगे। प्रस्ताव में पीएम मोदी के सबसे लंबे समय तक लगातार चुने गए प्रधानमंत्री बनने का उल्लेख किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। एनडीए की सभी पार्टियों के नेता इस पर चर्चा करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एनडीए बैठक का समापन करेंगे।

# गृहग्राम और ससुराल में नहीं रह सकेंगे पंचायत सचिव : नई तबादला नीति जारी

## रिश्तेदार सरपंच या उप सरपंच बने तो भी हटाए जाएंगे

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी | rashtrabaan.in

**तबादला** सीजन के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के स्थानांतरण को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई नीति के तहत अब कोई भी पंचायत सचिव अपने गृहग्राम या ससुराल की पंचायत में पदस्थ नहीं रह सकेगा। इसके साथ ही जिस पंचायत में सचिव के रिश्तेदार सरपंच या उपसरपंच बन जाएंगे, वहां से भी सचिव का तबादला किया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के आधार पर यह नई गाइडलाइन जारी की है। विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तय समय सीमा के भीतर स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

### सरकार को इसलिए रखनी पड़ी शर्त

दिग्विजय सरकार ने वर्ष 1994 से 1996 के बीच पंचायत कर्मियों की नियुक्ति की थी, जो आज पंचायत सचिव हैं। तब नियुक्ति ग्राम सभा के अनुमोदन से की गई थी और ज्यादातर मामलों में ग्राम सभा ने सरपंच, उप सरपंच, पंच या गांव के प्रभावशाली व्यक्ति के रिश्तेदारों को नियुक्त किया था। ज्यादातर मामलों में देखने में आया है कि ये जनप्रतिनिधि रिश्तेदारी या अहसान के बदले सचिवों को वह सब करने के लिए राजी कर लेते हैं, जो वे चाहते हैं। ऐसे कई मामले जांच में आ चुके हैं। जिनमें सरपंच, उप सरपंच और सचिव ने मिलकर गड़बड़ी की है।

### 15 जून तक होंगे तबादले



9 जून को जारी आदेश के अनुसार 15 जून तक जिले के भीतर पंचायत सचिवों के स्थानांतरण किए जा सकेंगे। स्थानांतरण प्रस्ताव जिला कलेक्टर की अनुशंसा और प्रभारी मंत्री की स्वीकृति के बाद जारी किए जाएंगे। यह प्रक्रिया एक जून से ही मान्य की जाएगी। विभागीय निर्देशों के मुताबिक स्थानांतरण आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किए जाएंगे। नई गाइडलाइन में जिला एवं अंतरजिला स्तर पर पंचायत सचिवों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी तय की गई है।

### इन परिस्थितियों में स्थानांतरण होगा अनिवार्य

- विभाग ने कुछ मामलों में ग्राम पंचायत सचिवों का स्थानांतरण अनिवार्य किया है, जिनमें इस तरह की परिस्थितियां शामिल हैं।
- यदि किसी ग्राम पंचायत में सचिव का रिश्तेदार पंचायत का सरपंच या उपसरपंच चुन लिया गया हो।
- सचिव को उसके पैतृक ग्राम या ससुराल स्थित ग्राम पंचायत में पदस्थ नहीं किया जाएगा।
- जो सचिव एक ही ग्राम पंचायत में 10 वर्ष या उससे अधिक समय से पदस्थ हैं, उन्हें प्राथमिकता से स्थानांतरित किया जाएगा।
- 10 साल या अधिक समय से पदस्थ सचिवों की संख्या तबादला लिमिट से अधिक है तो पहले सबसे अधिक अवधि से पदस्थ सचिव का तबादला किया जाएगा।

# शंकराचार्य पर आरोप लगाने वाले आशुतोष पलटे

## बोले- रामभद्राचार्य के शिष्यों के दबाव में फर्जी एफआईआर करवाई, साजिश में कई अफसर शामिल

राष्ट्रबाण | मथुरा | एजेंसी | rashtrabaan.in



**शंकराचार्य** अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था।

आशुतोष ब्रह्मचारी ने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया। साजिश में कुछ अधिकारी भी शामिल थे। उनके पास इससे जुड़े सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे और बताएंगे कि उन्हें इस विवाद में क्यों और कैसे शामिल किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके गुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य को कोई नुकसान पहुंचता है, तो इसके लिए रामचंद्र दास जिम्मेदार होंगे।

### आशुतोष ब्रह्मचारी बोले- रामचंद्र दास कुकर्मी-ढोंगी है

आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रामचंद्र दास उनका गुरु भाई है, लेकिन वह कुकर्मी, ढोंगी और फ्रॉडी है। यह उनका दुर्भाग्य है कि वह उसके संपर्क में आए। आशुतोष ने कहा कि वह जगद्गुरु रामभद्राचार्य का सम्मान करते हैं और जीवनभर करते रहेंगे, लेकिन उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने दावा किया कि रामचंद्र दास ने फर्जी वसीयत बनाकर श्री देव बाबा जी आश्रम पर कब्जा किया है। इस मामले में उन्होंने मथुरा एसएसपी को शिकायत भेजी है।

# ट्रम्प बोले- ईरान ने समझौता नहीं किया, कीमत चुकाएगा, अब खत्म

## ईरान की 3 देशों में अमेरिकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ईरान के हारने का दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना पूरी तरह से बिखर चुकी है। नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं। ट्रम्प ने कहा कि ईरान सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करता है, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेता। वह खुद को मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा दबंग समझता था, लेकिन अब खत्म हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने समझौते पर बातचीत करने में बहुत ज्यादा देर कर दी। अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इससे पहले ईरान ने बुधवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ये हमले अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में किए गए हैं।

इससे पहले अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और निगरानी रडार ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इससे पहले सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी सेना का अपाचे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। ईरान ने अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराने की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका ने ईरान के पांच रणनीतिक ठिकानों पर हमला किया है। इनमें बंदर अब्बास, मिनाब, सिरिक, जास्क और केशम द्वीप शामिल हैं।



### ट्रम्प ने ईरान को दी नए हमलों की धमकी

ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान परमाणु समझौते पर जल्द फैसला नहीं करता है तो अमेरिका उसके बिजली संयंत्रों और पुलों पर नए हमले कर सकता है। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए एक फोन इंटरव्यू में कहा, 'मैं आगे भी कार्रवाई जारी रख सकता हूं। उनके पास समझौते पर दस्तखत कर बचने का मौका था।' इससे कुछ देर पहले ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर भी ईरान को चेतावनी दी थी। उन्होंने लिखा कि ईरान ने ऐसे समझौते पर बातचीत करने में बहुत ज्यादा समय लगा दिया जो उसके लिए अच्छा होता। अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# आरएसएस मुख्यालय, महाराष्ट्र सीएम दफ्तर उड़ाने की धमकी

## खालिस्तान नाम से भेजे गए ईमेल, महाराष्ट्र में जांच एजेंसियां सतर्क

राष्ट्रबाण | मुंबई | एजेंसी | rashtrabaan.in



**महाराष्ट्र** में बुधवार को आरएसएस मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और मुंबई-पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गई और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

एजेंसी के मुताबिक, नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित आरएसएस मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड को मौके पर भेजा गया। पूरे परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों की जांच की गई।

### बीएमसी को ईमेल मिले

इसी बीच, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भी कई ईमेल मिले। इनमें मुंबई के मेयर कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, बीएमसी भवन और नगर निगम दफ्तरों में विस्फोट की धमकी दी गई थी। ये ईमेल निगम की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल में खालिस्तान का जिक्र किया गया था। इसमें कई संस्थानों और संगठनों के खिलाफ भड़काऊ व धमकी भरी बातें लिखी गई थीं। सुरक्षा एजेंसियों ने ईमेल की जांच शुरू कर दी है।
समान कंटेंट वाले ईमेल में दावा किया गया था कि मुंबई के मेयर कार्यालय में ढ्ढश्वष्ठ से लैस कार से धमाका किया जाएगा।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत : इनमें 11 बच्चे

## पाकिस्तान का दावा- 26 भारत समर्थित आतंकी मारे

राष्ट्रबाण | काबुल | एजेंसी | rashtrabaan.in



**पाकिस्तान** ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया।

तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। वहीं पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तानी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुताबिक इस ऑपरेशन में 26 भारत समर्थित आतंकवादी मारे गए और चार बड़े आतंकी ठिकाने पूरी तरह तबाह कर दिए गए।

## मुंबई में लैंडस्लाइड, 5 कारें मलबे में दबीं ; राजस्थान में रेतीला तूफान आया

# यूपी-बिहार में आंधी के साथ बारिश, 100 जगह पेड़-पोल उखड़े

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी | rashtrabaan.in

**मानसून** ने केरलम में दस्तक देने के 6 दिन में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को कवर कर लिया है। मंगलवार को यह मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल पहुंचा। अब तक 16 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है।

गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। बिहार में मंगलवार को 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। बेगूसराह में एक ऑटो पर पोल गिर गया। उत्तर प्रदेश के इटावा में तेज तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी की रफ्तार से आंधी भी चली। इस दौरान 100 से ज्यादा जगहों पर पेड़-पोल गिर गए।



महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड होने से 5 कारें मलबे में दब गईं। पवने एमआईडीसी इलाके में पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा ढहा था।

इधर, राजस्थान के अलवर में रेत का बवंडर उठा। मध्य प्रदेश के 26 शहरों में अधिकतम तापमान 40एष्ट से ज्यादा रहा। दिल्ली में पालम में 111 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली।

### मानसून अपडेट...

केरलम में 4 जून को पहुंचा मानसून अब पूर्वोत्तर के सभी राज्यों तक पहुंच गया है।
मंगलवार को मानसून ने मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को भी कवर कर लिया।
मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों में मानसून महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के बाकी हिस्सों, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में आगे बढ़ सकता है।
मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके जल्द ही महाराष्ट्र के और हिस्सों को कवर करने की संभावना है।

**मध्य प्रदेश : जून में 14 जिलों में 100% प्री-मानसून बारिश, आज भी 16 जिलों में बारिश का अलर्ट**

मध्य प्रदेश में अभी मानसून की एंट्री नहीं हुई है, लेकिन प्री-मानसून की बारिश जारी है। 1 से 9 जून तक प्रदेश में औसत 12.7मिमी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य के 14 जिले ऐसे हैं, जहां पर जून में होने वाली बारिश 100% से 672% तक हो चुकी है।





# खून में बढ़े यूरिक एसिड को किचन की ये चीजे करेंगी काबू

**खून में यूरिक एसिड बढ़ने को हाइपरयूरिसीमिया कहा जाता है। आज के समय में यह बीमारी बहुत सामान्य रूप से लोगों में देखने के लिए मिलती है।**

## कैसे बढ़ जाता है यूरिक एसिड?

मायो क्लिनिक के अनुसार, अधिकांश समय यूरिक एसिड का स्तर तब बढ़ जाता है, जब आपके गुर्दे यूरिक एसिड को कुशलतापूर्वक समाप्त नहीं कर पाते हैं। जिन चीजों के कारण से यूरिक एसिड को हटाने में किडनी सक्षम नहीं होता है, उनमें समृद्ध खाद्य पदार्थ, अधिक वजन होना, मधुमेह होना, कुछ मूत्रवर्धक लेना और बहुत अधिक शराब पीना शामिल हैं। यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इन बीमारियों में मुख्य रूप से गाउट, दिल की बीमारी, किडनी संबंधित समस्या शामिल है। यूरिक एसिड नोर्मली कितना होना चाहिए? पुरूषों में 3.4-7.0 मिलीग्राम, महिलाओं में 2.4- 6.0 मिलीग्राम तक यूरिक एसिड किसी तरह का जोखिम नहीं पैदा करता है। यदि आपका यूरिक एसिड बढ़ गया है तो आप इसे कुछ उपायों से घर पर ही कंट्रोल कर सकते हैं।

## सेब के सिरके से होगा यूरिक एसिड कंट्रोल

सेब का सिरका नेचुरल क्लींजर और डिटॉक्सीफायर है जो शरीर से यूरिक एसिड को साफ करने का काम करता है। इसमें मौजूद एसिड यूरिक एसिड को तोड़कर बाहर निकालने का काम करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

1 चम्मच सेब के सिरके को एक गिलास पानी में अच्छी तरह से घोल लें। अब इस घोल को पूरे दिन में 2-3 बार पिएं। ऐसा तब तक करते रहें जब तक यूरिक एसिड कंट्रोल नहीं हो जाता है।

## जैतून से कम होता है यूरिक एसिड

एनसीबीआई के अनुसार, जैतून का तेल यूरिक एसिड को कम करने का काम कर सकता है। दरइअसल, इसमें विटामिन ई के अलावा विटामिन के, आयरन, ओमेगा 3, फैटी एसिड और एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो यूरिक एसिड को कम करने में सहायक है।

### कैसे करें इस्तेमाल

सब्जियों को बनाने के लिए घी या अन्य खाद्य तेल की जगह जैतून का तेल इस्तेमाल करें। बेकिंग सोडा से करें यूरिक एसिड पर काबू बेकिंग सोडा बढ़े यूरिक एसिड के स्तर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह इसे कम करने के साथ ही गाउट के दर्द को भी दूर करने का काम करता है। यह अल्कलाइन के लेवल को बनाए रखता है जिससे यूरिक एसिड को घुलनशील बना देता है।

## यूरिक एसिड का घरेलू उपाय है नींबू

एक स्टडी के अनुसार, नींबू आपके शरीर में अल्कलाइन के प्रभाव को बढ़ाकर यूरिक एसिड को कम करने का काम करता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद विटामिन सी यूरिक एसिड के स्तर को संतुलित रखने में मदद कर सकता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

एक गिलास हल्के गर्म पानी में नींबू का रस निचोड़ लें। फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। हफ्तेभर इसके सेवन से तुरंत असर दिखने लगता है।



# चिया सीड्स वेट लॉस के अलावा इन बीमारियों से बचने के लिए खाएं

चिया सीड्स पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं। ये बीज भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन और दिल के लिए हेल्दी पॉलीअनसेचुरेटेड वसा से भरपूर होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के साथ आपको हेल्दी रखते हैं। इसके अलावा, इन सुपर सीड्स को वेट लॉस के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसे कैसे यूज करना है, आपको इसके बारे में कुछ बातें जरूर जान लेनी चाहिए।

## चिया सीड्स के पोषक तत्व

100 ग्राम चिया सीड्स में 16.5 ग्राम प्रोटीन, 42.1 ग्राम कार्ब्स, 34.3 ग्राम फाइबर, 30.7 ग्राम फैट और 0 शुगर होता है। उच्च प्रोटीन, उच्च फाइबर पोषण संयोजन वजन घटाने के लिए इसे बहुत अच्छा बनाता है। जबकि को एक्टिव रखने के साथ चिया सीड्स खाने से पेट भरा-भरा भी लगता है।

## चिया सीड्स के साथ वेट लॉस

चिया बीज प्रति 100 ग्राम में 486 ग्राम कैलोरी होती है। कैलोरी वह इकाई है जो ऊर्जा को मापती है, जो शरीर के स्वस्थ कामकाज के लिए आवश्यक है। आसान शब्दों में, यह वह ऊर्जा है जो लोग अपने खाने-पीने के लिए प्राप्त करते हैं, जिसका उपयोग वे शारीरिक गतिविधियों को करने के लिए करते हैं। इसके अलावा वेट मैनेंजमेंट में भी चिया सीड्स बहुत फायदेमंद है। जो लोग जरूरत से ज्यादा कैलोरी का सेवन करते हैं, उनका वजन बढ़ सकता है, क्योंकि शरीर में एक्सट्रा कैलोरी को बर्न करना इतना आसान नहीं होता है।

## चिया सीड्स के फायदे

चिया सीड्स हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। चिया सीड्स में क्लोरोजेनिक एसिड नामक एक एंटीऑक्सीडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें अल्फा-लिनोलेनिक एसिड नामक एक ओमेगा -3 फैटी एसिड होता है, जो आपकी दिल की हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है जिन लोगों का शुगर लेवल हाई रहता है, उन्हें भी चिया सीड्स भी इस्तेमाल करना चाहिए। चिया सीड्स में मौजूद फैटी एसिड त्वचा की जलन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है और पानी पीने से त्वचा में नमी बनी रहती है। चिया सीड्स को हमेशा पानी में भिगाकर ही इस्तेमाल करना चाहिए।



# दवा के साथ भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन

दवा लिखते समय डॉक्टर हमेशा उसे खाने के तरीके से लेकर समय तक के बारे में सलाह देते हैं। बावजूद इसके कई बार व्यक्ति अनजाने में दवा के साथ कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेता है, जो उसे फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने लगती हैं। दवा के साथ इन चीजों का सेवन शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगता है। कोई भी दवा लेते समय उसके साथ जुड़ी कुछ सावधानियां भी रखनी जरूरी हैं। खान-पान की कुछ चीजें दवाओं के असर को कम कर देती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी खास चीजों के बारे में जिन्हें दवा के साथ लेने की गलती भूलकर भी नहीं करनी चाहिए।

## शराब

दवा के साथ शराब का सेवन आपकी दवा के असर को कम करने के साथ आपकी सेहत पर भी बुरा असर डाल सकता है। एक अवधि में शराब और दवा का एक साथ सेवन करने से लीवर को काफी नुकसान हो सकता है और इससे लीवर से संबंधित अन्य विकार पैदा हो सकते हैं।

## सिगरेट

धूम्रपान फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान आपको बीमारियों के प्रति संवेदनशील बनाकर आपकी इम्यूनिटी को भी कमजोर कर सकता धूम्रपान आपके द्वारा ली जा रही दवा के अवशोषण, वितरण और प्रभाव में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

## एनर्जी ड्रिंक्स

एनर्जी ड्रिंक्स के साथ भी दवाई नहीं खानी चाहिए. यह दवाई के डिजॉल्व होने के टाइम को बढ़ाता है। साथ ही इससे आपकी बॉडी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

## डेयरी प्रोडक्ट्स

डेयरी प्रोडक्ट आपके शरीर में कुछ एंटीबायोटिक दवाओं का असर ठीक से नहीं होने देते हैं। दूध में पाए जाने वाले कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स केसीन प्रोटीन के साथ मिलकर दवाइयों के असर को कम कर देते हैं। अगर आप एंटीबायोटिक ले रहे हैं तो उस समय दूध ना पिएं।

## पोटेशियम से भरपूर फूड्स

ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए ली जाने वाली दवा, शरीर को आवश्यकता से अधिक पोटेशियम बनाए रखने में मदद कर सकती है। शरीर में किसी भी चीज की अधिकता हानिकारक होती है, पोटैशियम की अधिकता से हृदय और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है। कुछ अन्य पोटेशियम वाले फूड्स जिनसे आपको बचना चाहिए वे हैं आलू, मशरूम, शकरकंद, आलू आदि।

## मुलेठी

मुलेठी का इस्तेमाल कुछ लोग पाचन के लिए हर्बल उपचार के तौर पर करते हैं। इसमें पाया जाने वाला ग्लाइसीरिजिजिन साइक्लोस्पोरिन सहित कुछ दवाओं के असर को कम कर देता है। इसके अलावा, अगर आप ट्रांसप्लांट कराने की कोई दवा ले रहे हैं तो भी मुलेठी का सेवन ना करें।

## पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों के रूप में भी पहचाना जाता है, कुछ दवाओं के अवशोषण और प्रभावशीलता को बाधित कर सकती हैं। केल, ब्रोकली आदि जैसी सब्जियां विटामिन के का एक बड़ा स्रोत हैं। विटामिन के का अधिक सेवन वार्फरिन जैसी दवाओं के प्रभाव में बाधा डाल सकता है। वारफेरिन का सेवन अक्सर ब्लीडिंग, रक्त के थक्कों या अन्य रक्त संबंधी विकारों के जोखिम को कम करने के लिए किया जाता है।



# वेट लॉस ही नहीं डिप्रेशन से भी छुटकारा दिला सकता है चीकू, रोजाना खाने से मिलेंगे ये फायदे

आलू की तरह दिखने वाला फल चीकू सपोटा के नाम से भी जाना जाता है। चीकू में विटामिन-बी, विटामिन ई, पोटैशियम,फाइबर और मिनरल आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो शरीर को कई बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। चीकू खाने से त्वचा, दिमाग और पाचन अच्छा रहता है। चीकू खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। चीकू का हर भाग स्वास्थ्य लाभों से भरा है इसके पत्ते, जड़ और छाल को औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं चीकू खाने से व्यक्ति को मिलते हैं कौन से गजब के फायदे।

## हड्डियां बनाए रखे मजबूत

चीकू में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू का रोजाना सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू खाने से बुढ़ापे की वजह से होने वाली कमजोर हड्डियों को ठीक करने में भी मदद मिलती है।

## डिप्रेशन में राहत

चीकू दिमाग को सेहतमंद बनाए रखने के साथ नींद न आने की समस्या को भी दूर करता है। चीकू का सेवन करने से गहरी और अच्छी नींद आती है। चीकू में मौजूद तत्व दिमाग में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं चीकू का सेवन डिप्रेशन को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है।

## एनर्जी

चीकू को एनर्जी का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं। जिन लोगों को एनर्जी की कमी महसूस होती है उनके लिए चीकू का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

## पाचन बनाए मजबूत

चीकू खाने से व्यक्ति का पाचन तंत्र सही बना रहता है। चीकू में एंटी-इंफलेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो पेट की सूजन, पेट दर्द, गैस और बदहजमी से राहत दिलाने में मदद करते हैं। चीकू को नियमित रुप से डाइट में शामिल करने से पाचन शक्ति मजबूत बनती है।

## वेट लॉस

चीकू शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होता और वेट लॉस में मिलती है। चीकू को दिन में किसी भी समय खाया जा सकता है। ये शरीर को तुरंत एनर्जी देने के साथ शरीर को मजबूत भी बनाता है।

# एलर्जिक तत्वों से बनाएं दूरी

**एलर्जी कई वजह से होती है और अपने साथ परेशानियां भी लाती है। इससे बचने का बेस्ट तरीका है कि एलर्जी करने वाली चीजों को पहचानकर उनसे दूरी बनाकर रहा जाए।**

हम में से कुछ को किसी भी चीज से एलर्जी नहीं होती, जबकि कुछ लोगों को बहुत ही नॉर्मल चीजों से भी एलर्जी हो जाती है। असल में एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम का नुकसान न पहुंचाने वाली चीजों की तरह एब्नॉर्मल रिएक्शन है। आप जो कुछ भी खाते हैं या अप्लाई करते हैं, यह उसका रिएक्शन भी हो सकता है।

## जानवरों से एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है

आमतौर पर मोल्ड, पॉलन या जानवरों की वजह से यह एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। सांस लेने या खाने के दौरान इनसे हमारा एक्सपोजर होता है। आंखों से पानी आना या इनमें खुजली होना, छींकें आना, नाक बहना, रैशेज, रेड पैचेज के साथ रैशेज, थकान या बीमार महसूस करना वगैरह एलर्जी के सामान्य लक्षण हैं। गंभीर एलर्जिक रिएक्शन पूरी बॉडी में इचिंग, सांस फूलना, गले में कसाव महसूस होना, हाथों और पैरों में सिहरन वगैरह हैं।

## दूसरी, एलर्जी रिएक्शंस हैं

**फूड एलर्जी** - खाने की कुछ चीजों से एलर्जिक रिएक्शन के कारण पेट में दर्द, उलटी या डायरिया की शिकायत हो सकती है। कीड़े का काटना- मधुमक्खी या किसी और कीड़े के डंक से सूजन, रेडनेस या दर्द हो सकता है।

## कॉमन एलर्जी

वैकसीन, पेनिसिलीन और एस्पिरीन जैसी दवाइयां, कुछ खास तरह की मछलियां, धूल, पॉलन, पीनट्स, कीड़े के काटने, छोटी चोट, हॉट या कोल्ड टेम्परेचर, एक्सरसाइज या खास तरह के इमोशन से भी एलर्जी हो सकती है। एलर्जी के कारणों में दूध, नट्स, वीट और एग्स सबसे कॉमन हैं।

## आपको हो सकती है एलर्जी...

वैसे, एलर्जी किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन बच्चों में यह कॉमन है। आपके परिवार में अगर किसी को एलर्जी है, तो यह आपको भी हो सकती है। वैसे, यह भी हो सकता है कि आपके पैरेंट्स को एलर्जी हो, लेकिन आप इसके शिकार न हों। आपके आसपास का माहौल भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेवार है। कई बार स्मोक, पलूशन, हार्मोंस वगैरह में घर के पर्दे, चद्दर वगैरह बदल डालें।




# लो कार्ब्स डाइट क्या है और इनसे कैसे कम होता है वजन

# जानें वेट लॉस फैक्ट्स

**हमारे पास कई तरह के फूड्स उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी एक को चुनना और उसके साथ रोल करना हमेशा मुश्किल होता है। इन डाइट में लो-कार्ब डाइट भी शामिल है, जो वजन घटाने के लिए सबसे पहले याद की जाती है। लो-कार्ब डाइट मतलब यह है कि जब कोई व्यक्ति कार्बोहाइड्रेट का सेवन बंद कर देता है और इसके बजाय प्रोटीन, स्वस्थ वसा और सब्जियों का सेवन करता है। यह खाने की इच्छा को कम करके, कार्ब्स को प्रोटीन से बदलकर आसानी से वजन कम करने में मदद करता है।**

## क्या होता है कार्बोहाइड्रेट?

कार्बोहाइड्रेट मुख्य खाद्य प्रकारों में से एक हैं, जिनकी हमें शरीर के सभी कार्य के लिए आवश्यकता होती है। जब हम कार्ब्स का सेवन करते हैं, तो हमारा शरीर उनसे ऊर्जा प्राप्त करने के लिए उन्हें तोड़ता है। जब शरीर को उन कार्ब्स की तुरंत जरूरत नहीं होती है, तो यह उन्हें हमारी मांसपेशियों और लीवर में जमा कर देता है। जब ये जमा हुआ कार्ब्स लंबे समय तक अनुपयोगी हो जाते हैं, तो हमारा शरीर उन्हें वसा में बदल देता है।

## लो कार्ब डाइट कौन-सी है

कम कार्ब आहार में कई अलग-अलग प्रकार के आहार शामिल हो सकते हैं और इससे वजन कम हो सकता है। कम कार्ब आहार के माध्यम से वजन कम करना प्रभावी होता है क्योंकि वे आपकी भूख को कम करते हैं। आप भूख महसूस किए बिना भी कम कैलोरी खाते हैं, क्योंकि प्रोटीन और वसा आपको भर देते हैं। कम कार्ब वाला आहार पहले छह महीनों में वजन घटाने की प्रक्रिया को भी तेज करता है, और अगर आपको इसकी जरूरत है तो आपको तेजी से वजन कम करने में मदद करता है।

## किन चीजों से बचें और किन्हें खाएं

प्राकृतिक वसा जैसे मक्खन, मेवा, बीज और तेल के साथ पत्तेदार हरी सब्जियों के साथ प्रोटीन मिलकर कम कार्ब वाले आहार को बनाते हैं। ब्रेड, चावल, आलू, फल, चॉकलेट, सोडा आदि जैसे चीनी से भरे और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों से बचने के लिए ध्यान रखने की जरूरत है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 11 जून 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर प्रदर्शन

## कांग्रेस बोली– सुनवाई का मौका नहीं दिया, ये राज्यसभा की सीट चोरी है

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



**बालाघाट** में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को काली पुतली चौक पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में करीब 50 कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राज्यसभा की सीट 'चोरी' की है और यह सीधे तौर पर 'लोकतंत्र की हत्या' है। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार ने सीधे तौर पर भाजपा पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तानाशाही रवैये की निंदा करती है।

### नेता बोले- एक मामूली आपत्ति पर रद्द किया नामांकन

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने भी भाजपा को घेरते हुए 'वोट चोरी' और 'लोकतंत्र की हत्या' के आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि महज एक छोटी और मामूली आपत्ति के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का पर्चा खारिज कर दिया गया, जो संविधान का गला घोंटने जैसा है। पंजवानी ने आगे कहा कि भाजपा की इस मनमानी को देश की जनता बेहद करीब से देख रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि नीट परीक्षा में धांधली, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और महिला हिंसा जैसे गंभीर मुद्दों से परेशान जनता ही आने वाले समय में भाजपा के इस 'घमंड' को चकनाचूर करेगी।

सरस्वार ने दावा किया कि भाजपा ने कांग्रेस को अपनी बात रखने या सुनवाई का कोई मौका ही नहीं दिया। इससे साफ होता है कि बहुमत न होने के बावजूद, भाजपा ने जानबूझकर तीसरा प्रत्याशी मैदान में उतारा और कांग्रेस उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से रोकने की साजिश रची, जिसमें वे कामयाब रहे।

# बालाघाट में तेज बारिश से गिरे पेड़ और पंडाल

## दुकानें, वाहन और बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त, तापमान में भी आई गिरावट



बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**बालाघाट** में बुधवार दोपहर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। करीब डेढ़ घंटे तक हुई वर्षा से शहर तरबतर हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

बारिश से पहले चली तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। अस्पताल परिसर, अस्पताल के सामने और शासकीय आवासों में लगे पेड़ों के गिरने से दुकानें, वाहन और बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो गई। काली पुतली चौक पर कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के लिए लगाया गया पंडाल भी गिर गया, हालांकि धरना पहले ही समाप्त हो चुका था। एक होटल की प्लास्टिक की छत भी उड़ गई।

इस प्री-मॉनसून बारिश ने जहां आम लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसान अब खरीफ की बुवाई के लिए मॉनसून का इंतजार कर रहे हैं। बुधवार को दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस था, जो बारिश के बाद गिरकर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जिससे पारे में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक धर्मेंद्र अगासे ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पूर्वानुमान के आधार पर बताया कि 10 से 14 जून तक जिले में मध्यम बादल छाए रहेंगे। इस दौरान हल्की वर्षा, बिजली गिरने और आंधी-तूफान के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

इस अवधि में अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह की हवा में 58 से 60 प्रतिशत और दोपहर में 43 से 45 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा की गति लगभग 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दक्षिण दिशा में चलेगी।

# कलेक्टर ने ली कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्योद्योग विभाग के अधिकारियों की बैठक

## खरीफ सीजन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की

### उर्वरक उठाव पर कड़ी निगरानी और सत्यापन के दिए निर्देश

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



**कलेक्टर** मृणाल मीना ने बुधवार को कृषि एवं उससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों का जायजा लिया तथा किसानों को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा सभी सहकारी समितियों और डबल लॉक केंद्रों में उसका भंडारण किया गया है। किसानों को ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरित किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री मीना ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उर्वरक के उठाव पर सतत निगरानी रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि उर्वरक का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए ही हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान अधिक मात्रा में उर्वरक प्राप्त करता है तो उसके भूमि रकबे के आधार पर सत्यापन किया जाए और यह देखा जाए कि उसने आवश्यकता के अनुरूप ही उर्वरक लिया है। निर्धारित सीमा से अधिक उर्वरक लेने वाले किसानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करने तथा उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

बैठक में खरीफ सीजन के लिए बीज उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने किसानों को धान, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी, रामतिल एवं अन्य खरीफ फसलों के बीज उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज मिलना चाहिए ताकि बोवनी कार्य प्रभावित न हो। इसके लिए बीज निगम के माध्यम से अधिक से अधिक बीज उपलब्ध कराने तथा जिले में स्थित कृषि फार्मों में उत्पादित बीजों का भी किसानों के बीच वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अरहर, कोदो एवं कुटकी जैसी मोटे अनाज वाली फसलों के रकबे का सही-सही रिकॉर्ड रखा जाए तथा फसल गिरदावरी में भी इनका वास्तविक रकबा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पोषक एवं जल संरक्षण वाली फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

### प्राकृतिक खेती पर जोर

बैठक में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक इनपुट्स तथा कम लागत वाली खेती के लाभों के संबंध में निरंतर मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा अनुदान पर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई उपकरणों के वितरण की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिलना चाहिए और पात्र किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### पराली प्रबंधन पर सख्ती

पराली प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं को पूरी तरह रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के मैदानी अमले को निर्देशित किया कि नरवाई जलाने वाले किसानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाए तथा किसानों को वैकल्पिक अवशेष प्रबंधन तकनीकों के प्रति जागरूक किया जाए।

# अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य जनसमस्या निवारण शिविरों में होंगें शामिल

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित 06 दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर सह जनसुनवाई में शामिल होंगें। श्री नेताम 11 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर बालक छात्रावास जैतपुरी, 12 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर बालक छात्रावास कंदई, 13 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर कन्या छात्रावास मोहनपुर-सोनेवानी, 14 जून को दोपहर 02 बजे बालक आश्रम शाला पण्डरापानी एवं 15 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर बालक छात्रावास सोनगुड्डा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर सह जनसुनवाई में शामिल होंगें।

# मीना राहंगडाले बनीं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष

### स्वागत करने पहुंचे कार्यकर्ता, कहा– योजनाएं महिलाओं तक पहुंचाएंगी

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**बालाघाट** में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मीना राहंगडाले को इस पद पर नियुक्त किया है। मीना राहंगडाले 2017 से पार्टी में बूथ अध्यक्ष के पद पर सक्रिय रही हैं और उन्हें सांसद की करीबी माना जाता है। नियुक्ति के बाद से उन्हें बधाई देने के लिए भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके घर पहुंच रहे हैं। चर्चा करते हुए मीना राहंगडाले ने कहा कि केंद्र और प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा केंद्र और प्रदेश सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं तक ले जाएगा और उन्हें लाभान्वित करेगा।

जिलाध्यक्ष मीना राहंगडाले ने यह नया दायित्व देने के लिए केंद्र और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मीना राहंगडाले 2017 से पार्टी में सक्रिय हैं। वह राज्य महिला आयोग की महिला विंग में भी काम कर चुकी हैं।

# बालाघाट के गांगीराजा मंदिर में दान पेटी तोड़ी

### पूरा सामान भी जला, पुजारी ने उठती देखीं आग की लपटें

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



**बालाघाट** जिले के लांजी मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर जंगल में स्थित प्राचीन गांगीराजा मंदिर में चोरी और आगजनी की घटना सामने आई है। बुधवार सुबह मंदिर के पुजारी कुमार टेकाम ने यह घटना देखी। पुजारी कुमार टेकाम के अनुसार, वे मंगलवार शाम पांच बजे मंदिर से गए थे। बुधवार सुबह छह बजे जब वे वापस लौटे, तो उन्होंने मंदिर में आग लगी हुई और दानपेटी टूटी हुई पाई। उन्होंने तुरंत पंचायत सरपंच, ग्राम कोटवार और पुलिस को इसकी सूचना दी।

ग्राम कोटवार श्यामलाल ने बताया कि उन्हें सुबह सात बजे घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने भी आग और दानपेटी से गायब दानराशि देखी। सूचना मिलने के बाद लांजी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी है। लांजी थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात की है, जिसकी जानकारी उन्हें बुधवार को मिली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और मामले की जांच की जा रही है। दानपेटी तोड़कर दानराशि की चोरी के तरीके को देखते हुए, आशंका जताई जा रही है कि चोरी से ध्यान भटकाने के लिए आग लगाई गई होगी, या फिर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट भी हो सकता है।

# बालाघाट में वार्डबॉय का अर्धनग्न शव मिला

### डेढ़ महीने पहले हुई थी शादी, दो दिन पहले ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला था

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



**बालाघाट** जिला अस्पताल के वार्डबॉय हेमंत पिता रामकिशोर यादव (28) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका अर्धनग्न शव जरेरा गांव के खेत में मिला। भरवेली पुलिस ने बुधवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

परिवार के सदस्य योगेश खैरवार ने बताया कि हेमंत 8 जून को दोपहर 1.30 बजे ड्यूटी जाने की बात कहकर घर से निकले थे। शाम 7.30 बजे तक उनका फोन चालू था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परिजनों और दोस्तों ने उन्हें करीब 100 बार कॉल किया था। हेमंत का अर्धनग्न शव जरेरा गांव में एक खेत से बरामद हुआ। शव से कुछ दूरी पर ही उनकी बाइक गिरी हुई मिली। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह आत्महत्या का मामला है या हत्या का। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों और दोस्तों ने शव के अत्यधिक क्षय (डिकंपोज्ड) होने पर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि फ्रीजर बंद था या जानबूझकर बंद किया गया, जिससे शव खराब हो गया। उन्होंने इसकी जांच की मांग की है।

भरवेली थाना प्रभारी भूपेन्द्रसिंह पंद्रो ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी। चूंकि युवक बालाघाट के बूढ़ी में रहता था, लेकिन उसका शव उनके थाना क्षेत्र के जरेरा गांव में मिला है। घटनास्थल के आसपास तलाशी में जहरीली दवा भी मिली है।

पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। हेमंत को उनके पिता की मृत्यु के बाद जिला अस्पताल में वार्डबॉय के पद पर अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। डेढ़ महीने पहले ही उनका विवाह हुआ था। उनके परिवार में मां, भाई-भाभी, भतीजी और पत्नी हैं।

# जल गंगा संवर्धन : वारासिवनी में एफटीके प्रशिक्षण आयोजित

## 77 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**ग्रामीण** क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी में फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपखंड वारासिवनी के सहायक यंत्री विजय तिवारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले झालीवाड़ा, रामपायली एवं सिकंदरा-3 सेक्टर की 77 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

### सामुदायिक सहभागिता से मजबूत होगी जल सुरक्षा



परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत ने प्रशिक्षण के दौरान जल जीवन मिशन के तहत सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्रोतों की नियमित जांच कर उसका रिकॉर्ड तैयार करेंगी। यदि किसी जल स्रोत का पानी दूषित पाया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी, जिससे समय पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

### एफटीके किट से सीखी पानी की गुणवत्ता जांच

प्रशिक्षण के दौरान प्रयोगशाला केमिस्ट श्रीमती रेखा पटले एवं श्रीमती टीना बिसेन तथा ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक ने कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। केमिस्ट रेखा पटले ने किट के उपयोग का लाइव प्रदर्शन करते हुए बताया कि इसके माध्यम से पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, हार्डनेस, क्लोरीन तथा पीएच (श्र॥) मान की जांच कम समय में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी के सेवन से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### अधिकारियों ने किया उत्साहवर्धन

सहायक यंत्री श्री विजय तिवारी ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और जल गुणवत्ता निगरानी में उनकी सक्रिय भागीदारी गांवों को जलजनित बीमारियों से मुक्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण के दौरान सभी 77 कार्यकर्ताओं की एफटीके यूजर आईडी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (पीएमयू), ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक, श्रुति डहाटे, रानी सिंह राजपूत, मोहिनी पटले तथा नई रोशनी संस्था के फील्ड समन्वयक शुभम सहारे द्वारा बनाई गई।

# ई-अटेंडेंस के आधार पर होगा शिक्षकों का वेतन भुगतान, अनुपस्थिति पर कटेगा वेतन

बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



**लोक** शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देश जारी कर स्पष्ट किया है कि शिक्षकों का वेतन अब 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से दर्ज की गई ई-अटेंडेंस के आधार पर ही भुगतान किया जाएगा।

आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। अब सभी शासकीय विद्यालयों में प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करना अनिवार्य होगा।

निर्देशों के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी विद्यालयों में ई-अटेंडेंस की शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। वहीं संकुल प्राचार्य ई-अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन आहरण देयक तैयार कर आहरण अधिकारी अथवा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। बिना ई-अटेंडेंस के वेतन आहरण किए जाने की स्थिति में संबंधित संकुल प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिस शिक्षक द्वारा किसी दिन ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की जाएगी, उसे उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा तथा संबंधित दिन का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे लोक शिक्षण संचालनालय के इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। विभाग ने सभी अधिकारियों को इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें । लोक शिक्षण संचालनालय की ई-अटेंडेंस व्यवस्था से विद्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी तथा शैक्षणिक गतिविधियों में जवाबदेही बढ़ेगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 11 जून 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# उर्वरकों के अवैध भंडारण एवं नकली होने की आशंका पर एफआईआर दर्ज

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर सिवनी के निर्देशानुसार तथा उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग सिवनी के मार्गदर्शन में डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण एवं प्राथमिक रूप से नकली होने की आशंका के मामले में कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग को शिकायत मिली थी कि ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित एक मकान में डीएपी उर्वरक का अवैध भंडारण किया गया है। शिकायत के आधार पर सहायक संचालक श्री पवन कुमार कौरव, जिला परामर्शदाता श्री मुकेश मीणा एवं कृषि विस्तार अधिकारी श्री कुलदीप सिंह द्वारा ग्राम बाम्हनवाड़ा पहुंचकर जांच की गई।

जांच के दौरान शिवकुमार मसराम के मकान में चम्बल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड की मुद्रित बोरियों में भरे हुए 150 बैग डीएपी उर्वरक भंडारित पाए गए। मौके पर मौजूद शिवकुमार मसराम के पिता श्री अन्नीलाल मसराम से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उक्त उर्वरक ग्राम कहानी, विकासखंड घंसौर निवासी अशोक गोल्हानी द्वारा विक्रय हेतु भंडारित कराया गया है।

अधिकारियों द्वारा अशोक गोल्हानी को मौके पर बुलाकर डीएपी उर्वरक से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु उनके द्वारा भंडारित 150 बैग उर्वरक के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। दस्तावेजों के अभाव में उक्त उर्वरक को अवैध भंडारित माना गया तथा प्राथमिक जांच में इसके नकली होने की आशंका व्यक्त की गई। इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। मामले में ग्राम कहानी, विकासखंड घंसौर निवासी अशोक गोल्हानी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत घंसौर थाना में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रश्मि राजनेगी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे डीएपी उर्वरक के संबंध में किसी भी अवैधानिक तरीके से विक्रय करने वाले व्यक्तियों के बहकावे में न आएं तथा केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक क्रय करें। विभाग ने किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके उर्वरकों एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) के उपयोग की सलाह भी दी है।

## बिना लाइसेंस 150 बैग डीएपी उर्वरक का भंडारण

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज



**कृषि** विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में घंसौर क्षेत्र के ग्राम बाम्हनवाड़ा में बड़ी मात्रा में डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण का मामला सामने आया है। मामले में ग्राम कहानी निवासी अशोक कुमार गोल्हानी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घंसौर श्रीमती रश्मि राजनेगी को 9 जून को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित एक मकान में डीएपी उर्वरक का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान शिवकुमार मसराम के मकान में डीएपी उर्वरक की 150 बोरियां भंडारित पाई गईं। प्रत्येक बोरी का वजन 50 किलोग्राम था।

मकान मालिक के परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ में जानकारी मिली कि उक्त मकान ग्राम कहानी निवासी अशोक कुमार गोल्हानी द्वारा किराये पर लिया गया था तथा वहीं उर्वरक का भंडारण किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों ने अशोक कुमार गोल्हानी को मौके पर बुलाकर उर्वरक के भंडारण एवं विक्रय से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा, लेकिन वह कोई वैध लाइसेंस अथवा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इसके बाद कृषि विभाग ने गवाहों की उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए डीएपी उर्वरक की सभी 150 बोरियां जब्त कर लीं और उन्हें सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया। मामले की विस्तृत रिपोर्ट घंसौर थाने में प्रस्तुत की गई।

शिकायत के आधार पर घंसौर पुलिस ने अशोक कुमार गोल्हानी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण
# विधायक दिनेश राय मुनमुन का सघन जनसंपर्क

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक मुनमुन आज चमारी एवं बीजादेवरी मंडल के दौरे पर रहेंगे, जहां वे विकास कार्यों का अवलोकन करने के साथ ग्रामीणजनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक मुनमुन प्रातः 10 बजे से चमारी मंडल अंतर्गत विभिन्न निर्मित एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे एवं स्थानीय नागरिकों से चर्चा करेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 4 बजे से बीजादेवरी मंडल क्षेत्र में पहुंचकर विकास कार्यों का अवलोकन, ग्रामीणजनों से मुलाकात एवं जनसंवाद करेंगे। रात्रि विश्राम बीजादेवरी में रहेगा।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। भाजपा नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशानुसार प्रदेश एवं सिवनी विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण और विकास के कार्यों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव, गरीब, किसान एवं युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर जनसंपर्क, संवाद एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जा रही है। विधायक मुनमुन ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# प्राचीन सूर्य मंदिर में 12 से 13 जून तक पंचम पाटोत्सव

## होंगे मांगलिक अनुष्ठान एवं विशाल भंडारा

### टैगोर वार्ड स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में जुटेंगे श्रद्धालु, भजन संध्या का भी होगा आयोजन

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**श्री** सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी सीलादेही के तत्वावधान में टैगोर वार्ड स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में पंचम पाटोत्सव पर्व के अवसर पर 12 एवं 13 जून 2026 को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

जिला मुख्यालय के टैगोर वार्ड स्थित यह प्राचीन सूर्य मंदिर कलचुरी युग में निर्मित माना जाता है। मंदिर का जीर्णोद्धार श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी टेकरी एवं समाजसेवियों के सहयोग से कराया गया, जिसके बाद यहां भगवान सूर्य देव की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। वर्तमान में यह मंदिर सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख आस्था केंद्र बन चुका है।

मंदिर की विशेषता यह है कि सूर्योदय होते ही सूर्य की पहली किरण सीधे मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान सूर्य देव पर पड़ती है। मंदिर परिसर में 16 खंभों पर निर्मित यज्ञशाला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

पाटोत्सव के अंतिम दिन 13 जून को विशाल भंडारे एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

समस्त धार्मिक कार्यक्रम पंडित नीरज तिवारी एवं प्रधान पुजारी अंशु तिवारी तथा अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से समय का विशेष ध्यान रखते हुए सूर्य देव को जल अर्पित करने का आग्रह किया है, जिससे पितृ दोषों का निवारण एवं सुख-शांति की प्राप्ति हो सके।



**12 जून को होंगे गणेश-गौरी पूजन एवं ध्वजारोहण**

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 12 जून को सूर्योदय से गणेश-गौरी पूजन, सूर्य अभिषेक एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रकांड पंडितों की उपस्थिति में संपन्न कराए जाएंगे।

**13 जून को हवन, सूर्यार्चन एवं आदित्य हृदय स्त्रोत पाठ**

13 जून को सूर्योदय से सूर्य अभिषेक एवं हवन होगा। इसके पश्चात सूर्यार्चन, सूर्यार्थ्य, सूर्य कवच एवं आदित्य हृदय स्त्रोत पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं से इन मांगलिक अनुष्ठानों में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

**मंदिर परिसर में धार्मिक पौधों का विशेष महत्व**

समिति के संतोष अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर में हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार बेलपत्र, पीपल, रुद्राक्ष, आंवला, समी एवं सिंदूर जैसे धार्मिक महत्व वाले पौधों का रोपण किया गया था, जो अब बड़े वृक्ष बन चुके हैं। इसके अलावा परिसर में फलदार पौधे, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले एवं सूर्य देव को अर्घ्य देने हेतु विशेष अर्घ्य कुंड भी बनाया गया है।

**श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील**

प्राचीन सूर्य मंदिर महिला समिति एवं प्राचीन सूर्य मंदिर दुर्गा उत्सव समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सहपरिवार पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की अपील

**सिवनी।** अब बिजली बिल की चिंता छोड़िए। भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मार्च 2027 से पूर्व रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराकर उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश में अब तक 2 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना में नामांकित हो चुके हैं। मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना के संबंध में हितग्राहियों को प्रमाणित एवं त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्हाट्सएप चैटबॉट 'सोलर चाचा' का शुभारंभ किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

# चलित खाद्य प्रयोगशाला ने ग्राम गंगेरुआ में की औचक जांच, लिए गए खाद्य नमूने

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**खाद्य** सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से निरीक्षण एवं जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बरघाट तहसील के ग्राम गंगेरुआ में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शुभम बेकरी शॉप में विभिन्न खाद्य पदार्थों की जांच की गई। चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा की गई प्राथमिक जांच में पनीर एवं फ्रोजन मटर निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिस पर



खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा इनके नमूने लेकर आगे की परीक्षण कार्रवाई की गई। साथ ही प्रतिष्ठान में रखी कुछ खाद्य सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 500 रुपये थी, को मौके पर ही नष्ट कराया गया।

अभियान के दौरान नवदुर्गा बीकानेर स्वीट्स एवं सोनी होटल का भी निरीक्षण किया गया। दोनों प्रतिष्ठानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से उनकी प्राथमिक जांच की गई।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में इस प्रकार की जांच एवं सैंपलिंग की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

# ऑनलाइन योग सत्र में जुड़कर बनें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का हिस्सा

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस 2026 के अंतर्गत आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के नागरिकों की सहभागिता से एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह योग सत्र 14 जून 2026 को प्रातः 6:15 बजे से 7:35 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें एक साथ सर्वाधिक लोगों की भागीदारी के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आयुष मंत्रालय के यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। मंत्रालय ने सभी जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, योग प्रशिक्षकों, योग अभ्यासकर्ताओं एवं आम नागरिकों से इस ऐतिहासिक पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से ऑनलाइन योग सत्र का लिंक प्राप्त होगा।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयास में प्रत्येक प्रतिभागी की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए आवश्यक है कि सभी प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट अथवा अन्य डिजिटल उपकरण से अलग-अलग लॉग-इन करें, क्योंकि प्रत्येक पंजीकृत डिवाइस को आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत डीएसआर तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित

### धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक से कम लागत में अधिक लाभ संभव

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**किसान** कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, सिवनी के दर्पण सभागार में धान की सीधी बुवाई (डायरेक्ट सीडेड राइस-डीएसआर) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डब्ल्यूआरआई नई दिल्ली, आत्मा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने बताया कि डीएसआर तकनीक धान उत्पादन की एक आधुनिक एवं प्रभावी पद्धति है, जिससे खेती की लागत कम होती है, जल संरक्षण होता है तथा समय और श्रम की बचत होती है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक में धान की बुवाई सीड ड्रिल या सुपर सीडर मशीन के माध्यम से कतारों में की जाती है, जिससे कम बीज दर में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। नई दिल्ली से आई डीएसआर विषय विशेषज्ञ डॉ. शिवांगी अरविंद ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से किसानों को डीएसआर आधारित टिकाऊ धान उत्पादन प्रणाली की जानकारी दी।




## कमिश्नर ने वीसी के माध्यम से की समीक्षा
# जनकल्याण शिविरों एवं विकास कार्यों को लेकर दिए निर्देश

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**संभागायुक्त** जबलपुर धनंजय सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के कलेक्टरों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, कृषि, पेयजल, स्वास्थ्य, राजस्व, सड़क सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में 5 जून से प्रारंभ हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकाधिक पौधरोपण एवं उसके संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही 12 से 18 जून तक आयोजित होने वाले खंड स्तरीय जनकल्याण शिविरों की तैयारियों तथा 19-20 जून को प्रस्तावित प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।




संभागायुक्त ने जल गंगा अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जिलेवार एवं विभागवार समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल नल-जल योजनाओं की स्वीकृति एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए सतत एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जल गुणवत्ता की नियमित सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व न्यायालयों के रोस्टरवार निरीक्षण, सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण तथा सीएम मॉनिटरिंग एवं सीएस मॉनिटरिंग के प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने लंबे समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सड़क सुरक्षा की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने जिलों में नियमित रूप से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करने, प्रमुख मार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार एवं दुर्घटना नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना तथा विस्फोटक पदार्थ लाइसेंस धारकों के निरीक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की।

खरीफ सीजन को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न आने पाए। इसके लिए जिलेवार भंडारण की समीक्षा कर अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433